लिखने और उस भाषाका पण्डित होनेमें एक बड़ा ही विषम घाटा रह जाता है; जिससे मनुष्य न उस भाषाका लेखक ही हो सकता है और न वक्ता ही। यही एक प्रधान त्रुटि दूर करनेके लिये, ग्राहकोंसे उपरोक्त अथाह उत्साह मिलता हुआ देखकर, मुझे इस 'हिन्दी-बँगला शिक्षा'का यह दूसरा भाग भी लिखना ही पड़ा।

इस भागमें व्याकरणका आरम्भ करके जो कुछ विषय बँगला सीखनेवालोंकेलिये उपयोगी दिखाई दिये, लगभग सभी लिख दिये गये हैं। व्याकरणसे कड़े चनेको समझाकर मुलायम कर देनेका बहुत कुछ उद्योग भी कर दिया गया है और साथ ही बँगलाके वे घराऊ शब्द जो प्रचलित भाषामें कम आते हैं इसलिये अधिक करके दे दिये गये हैं जिससे बोलचालमें, वक्तृता देते समय अथवा लेख लिखते समय भद्दापन न आ जाय। यह भाग कैसा हुआ, हम अपनी मनोभिलाषा पूरी कर सके या नहीं, अथवा इससे कुछ लाभ होगा या नहीं, यह सरलहृदय समालोचक और साहित्यसेवी तथा बँगला सीखनेवाले हमारे ग्राहकगण ही जानें।

प्रेमी ग्राहकगण और उदारहृदय समालोचकोंके लिये एक बात और भी कहनी है:—लोभ मनमें आते ही मनुष्य भले बुरेका ज्ञान छोड़, असत्पथपर चलनेके लिये तय्यार हो जाते हैं। ठीक यही दशा 'अंगरेज़ी हिन्दी शिक्षा' और 'हिन्दी बँगला शिक्षा'के सम्बन्धमें भी हो रही है। हमारी

सफलता, सम्पादकोंकी विशेष कृपा, ग्राहकों और अँगरेज़ी बँगला प्रोखनेवालोंकी विशेष क़दरदानीने एक विषम हलचल मचा दी है। हम नहीं जानते—साहित्यसेवी कहला-कर, बहुत दिनोंतक हिन्दी-माता की सेवा भी करने-पर, हिन्दीके विद्वानों और सुलेखकोंमें अपनी गणना कराकर तथा ऊँची गद्दीपर बैठकर भी केवल अपने उदरपालनार्थ ऐसे काम करनेके लिये लोग क्यों तय्यार हो जाते हैं जिनसे केवल उनकी नेकनामी, कीर्त्ति और विद्वत्तामें ही बट्टा नहीं लगता बल्कि ख़ास उस साहित्यमाताका भी अपकार होता है जिसके भरोसे उनका उदरपोषण होता है। हम जानते हैं कि उनकी गणना अच्छोंमें हैं—परन्तु दुःखकी बात है कि जिस कार्यमें ऐसे लोगोंने अब हाथ डाला है, उसमें उनका अनुभव नहीं है, उतनी विद्वत्ता भी नहीं है और न उस शैलीसे ही वे परिचित हैं जिसकी ऐसी ग्रंथ-रचनामें विशेष आवश्यकता है। फिर ऐसे कार्य करके, हंस कहलानेका वृथा दावा कर साहित्य-माताका अपकार करना क्या उचित है? क्या एकबार साहित्यसेवी होकर फिर साहित्यकी जड़ काटनी उन्हें उचित है? चाहे जो हो, चाहे केवल उदर-पालनके लिये ही वे ऐसे कार्य क्यों न करते हों; पर हमारी तुच्छ बुद्धिमें योग्य कहलाकर—अयोग्यताका परिचय कदापि न देना चाहिये। कीर्त्तिको स्थायी रखना ही मनुष्यत्व और बुद्धिमत्ता है; न कि थोड़ेसे लोभमें अपनी कीर्त्तिको जलाञ्जलि

देनाही कर्त्तव्य है। दुःखका विषय है कि—नक़लके भरोसेपर, परन्तु क़ानूनी झगड़ोंसे बचते हुए, ऐसा काम भी ऐसेही साहित्य-सेवियोंने करना आरम्भ किया है; जिससे हृदयमें दुःख और क्षोभ होता है। साहित्यकी उन्नति, देशमें विद्याका प्रचार तथा भारतवासियोंका उपकार न होकर साहित्यकी अवनति, विद्याके प्रचारमें बाधा और भारतके नवजीवनोंका अपकार होना सम्भव दिखाई देता है तथा ग्राहक ठगे जाते हैं। एक तो हिन्दीके ग्रंथोंकी क्या दशा है; यह सभोंको मालूम ही है। फ़िर जिनकी शिक्षाकी ओर रुचि हुई, उनकी रुचि बिगाड़कर हिन्दी-ग्रंथ-प्रसारमें बाधा डालना कदापि उचित नहीं है ऐसा करनेसे सर्वसाधारणकी शिक्षासे अरुचि हो सकती है बस, यही कारण है कि सावधान करनेके लिये इतना लिखना पड़ा—बात क्या है, हम नहीं लिख सकते; साहित्यकी बिना कारण अवनति होती देख दुःख हुआ;इससे इतना भी लिख दिया—हमारी बातें सत्य हैं या नहीं, निष्पक्ष और उदार-हृदय समालोचकगण ग्रंथ हाथमें लें, ध्यानसे पढ़कर तुलना करते हुए स्वयं विचार लें।

भवदीय—

हरिदास।

दूसरा भाग

प्रथम खण्ड ।

बँगला व्याकरण ।

जिस पुस्तकके पढ़नेसे बँगला भाषाका ठीक ठीक लिखना और बोलना आता है, उसका नाम "बँगला व्याकरण" है ।

वर्ण-ज्ञान ।

१। पदके प्रत्येक छोटेसे छोटे टुकड़े या भागको वर्ण या अक्षर कहते हैं ।

"হরি পড়িতেছে" । यहां "হরি" और "পড়িতেছে" ये दो

पद मिलकर एक वाक्य बना है। इसमें "হরি" इस पदमें হ, রি ये दो छोटे टुकड़े या भाग हैं और হ+অ, র+ই ये चार छोटेसे छोटे (यानी जिनसे छोटा टुकड़ा नहीं हो सकता ऐसे) टुकड़े या भाग हैं। इसीसे इन चारों में से प्रत्येक को वर्ण कहते हैं। इसी तरह "পড়িতেছে" इस पदमें প, ড়ি, তে, ছে ये चार छोटे भाग और প+অ, ড়+ই, ত+এ, ছ+এ ये आठ छोटेसे छोटे भाग हैं ; इसलिये इनमें से प्रत्येक को वर्ण कहते हैं।

२। बँगला भाषामें सब लेकर उनचास वर्ण या अक्षर हैं। उन्हीं अक्षरोंके समुदाय को वर्णमाला कहते हैं।

३। वर्ण दो भागोंमें बँटे हैं :—स्वर और व्यञ्जन। उनमें १३ स्वर और ३६ व्यञ्जन वर्ण हैं।

स्वर वर्ण।

४। जो वर्ण बिना किसी दूसरे वर्णकी सहायता लिये ही (अपने आप) उच्चारित होते हैं, उनका नाम स्वरवर्ण है। स्वर वर्ण ये हैं,—অ, আ, ই, ঈ, উ, ঊ, ঋ, ঌ, এ, ঐ, ও, ঔ। *

---

* ঌ का प्रायः व्यवहार नहीं होता। केवल কৢ, তৢ, দৢ इत्यादि कुछ थोड़ीसी धातुओंके लिखनेमें उनकी ज़रूरत होती है, इसीसे कोई कोई लोग, ঌ को छोड़कर, स्वर वर्णकी संख्या बारह ही मानते हैं। बंगला भाषामें दीर्घ ঌ नहीं है, किन्तु संस्कृत भाषामें उसका चलन है।

५। स्वर वर्ण दो प्रकारके हैं :—(१) ह्रस्व, और (२) दीर्घ। অ, ই, উ, ঋ, ঌ ये पाँच ह्रस्व और আ, ঈ, ঊ, ৠ, এ, ঐ, ও, ঔ, ये आठ दीर्घ हैं।

অ, ই, উ, ঋ, ঌ इन पाँचोंके उच्चारण में थोड़ा समय लगता है और আ, ঈ, ঊ, ৠ, এ, ঐ, ও, ঔ इन आठोंके उच्चारणमें उनसे कुछ अधिक समयकी ज़रूरत होती है।

स्वर वर्ण जब व्यञ्जन वर्णसे मिलता है तब उसे "বানান" (मात्रा) कहते हैं। অ और ঌ इन दोनोंको छोड़कर और और स्वर वर्णोंको व्यञ्जन वर्णोंके साथ मिलानेसे उनका रूप बदल जाता है। जैसे—

আ=া; ই=ি; উ=ু; ঊ=ূ; ঋ=ৃ; ৠ=ৄ;
এ=ে; ঐ=ৈ; ও=ো; ঔ=ৌ।

व्यञ्जन वा हल वर्ण।

६। स्वर वर्णोंकी सहायता बिना जो वर्ण साफ़ साफ़ उच्चारित नहीं हो (सक) ते, उन्हें व्यञ्जनवर्ण या हलवर्ण कहते हैं। पहले या पीछे स्वर वर्णको मिलाकर न पढ़नेसे व्यञ्जन वर्णका उच्चारण नहीं हो (सक)ता। प्रायः सब ही व्यञ्जन वर्णोंके पीछे 'अकार' लगा रहता है।

व्यञ्जन वर्ण ये हैं :—ক খ গ ঘ ঙ। চ ছ জ ঝ ঞ। ট ঠ ড ঢ ণ; ত থ দ ধ ন। প ফ ব ভ ম। য র ল ব। শ ষ স হ। ং ঃ।

ড়, ঢ়, য়, ये तीनों पृथक वर्ण नहीं हैं। ये केवल ড, ঢ, য,

इन्हीं तीन वर्णोंके रूपान्तर हैं। ये वर्ण जब पदके बीचमें या अन्तमें रहते हैं तब ये ही ड़, ঢ়, য়, माने जाते हैं। जैसे—জড়, দৃঢ়, নয়ন इत्यादि।

जिस व्यञ्जन वर्णमें कोई स्वर नहीं रहता, उसके नीचे (्) ऐसा चिन्ह देना पड़ता है; इस चिन्ह या निशानका नाम 'हसन्त चिन्ह' है *। जैसे—সম্রাট্ इत्यादि।

৭। ক से ম तक, पच्चीस वर्णोंको स्पर्शवर्ण कहते हैं। स्पर्श वर्ण पाँच वर्गोंमें विभक्त हैं; आदि के या पहले वर्णको लेकर वर्गका नाम होता है। जैसे—ক वर्ग, চ वर्ग, ট वर्ग, ত वर्ग, প वर्ग।

৮। য, র, ল, ব, इन चारोंका नाम अन्तःस्थ वर्ण है,

---

* व्यञ्जन वर्णके बाद, स्वर वर्ण रहनेसे वह स्वर वर्ण व्यञ्जन वर्णमें मिल जाता है। जैसे—জল = জ্ + অ + ল্ + অ। দিন = দ্ + ই + ন্ + অ। বালিকা = ব্ + আ + ল্ + ই + ক্ + আ। চন্দ্র = চ্ + অ + ন্ + দ্ + র্ + অ

हर एक पदमें दो या उससे अधिक वर्ण रहते हैं; इसी प्रकार वर्ण-विन्यास द्वारा यह साफ़ साफ़ मालूम हो जाता है कि कौन वर्ण पहिले और कौन वर्ण पीछे है।

= इसका नाम समान चिन्ह है। + इसका नाम युक्त चिन्ह है अर्थात् इसके द्वारा दो वर्णोंका योग या जोड़ समझा जाता है।

শ, ষ, স, হ, इन चारों का नाम ऊष्म वर्ण है ; (ং) और (ँ) का नाम अनुनासिक वर्ण है और (ঃ) विसर्गका नाम अयोगवाह वर्ण है। *

८। उच्चारण-स्थानके भेदोंसे वर्णोंके नामोंमें भी भेद होता है। जैसे—

অ আ হ ক খ গ ঘ ঙ इनका उच्चारण-स्थान कण्ठ है; इसलिये इन्हें कण्ठ्य वर्ण कहते हैं।

ই ঈ চ ছ জ ঝ ঞ শ য় इनका उच्चारण-स्थान तालू है इसलिये इन्हें तालव्य वर्ण कहते हैं।†

ঋ ৠ ট ঠ ড ঢ ণ র ষ ড় ঢ় इनका उच्चारण-स्थान मूर्द्धा है इसलिये इन्हें मूर्द्धन्य वर्ण कहते हैं। ‡

ঌ ত থ দ ধ ন ল স इनका उच्चारण-स्थान दन्त है इस लिये इन्हें दन्त्यवर्ण कहते हैं।

উ ঊ প ফ ব ভ ম इनका उच्चारण स्थान ओष्ठ है ; इसीसे इन्हें ओष्ठ्यवर्ण कहते हैं।

---

* कोई कोई अनुस्वार और विसर्ग इन दोनोंको ही अयोगवाह कहते हैं।

† য়, यह वर्ण पदके बीचमें या अन्तमें लगाया जाता है। जैसे ; অয়ন, শয়ন, জয়।

‡ ড় और ঢ় इन दोनों वर्णोंका प्रयोग भी पदके बीचमें या अन्तमें होता है। जैसे—ঝাড়, জড়তা, মূঢ়, দৃঢ়তা।

ए ऐ, इन दो वर्णों का उच्चारण-स्थान कण्ठ और तालू है इसलिये ये कण्ठ्य-तालव्य वर्ण हैं।

ओ औ इन दो वर्णों का उच्चारण-स्थान कण्ठ और ओष्ठ है इस वास्ते ये कण्ठोष्ठ वर्ण हैं।

अन्तःस्थ 'व' का उच्चारण स्थान दन्त और ओष्ठ है; इस लिये यह दन्त्योष्ठ वर्ण है।

अनुस्वार और चन्द्रविन्दु नाकसे उच्चारित होते हैं; इस लिये ये अनुनासिक वर्ण हैं।

विसर्ग 'आश्रय स्थान' भागी है, अर्थात् जब जिस स्वरवर्ण के बाद रहता है, तब उसी स्वर वर्णका उच्चारण-स्थान विसर्गका उच्चारण-स्थान होता है। विसर्गका उच्चारण स्वर वर्णके बिना, 'ह' के उच्चारणकी तरह होता है। जैसे—पुनः=पुनह्।

विसर्ग जिस स्वर वर्णके बाद होता है वह दीर्घकी तरह उच्चारित होता है। जैसे—प्रातःकाल।

संयुक्त वर्ण।

१०। यदि एक व्यञ्जन वर्णके बाद एक या उससे ज़ियादा व्यञ्जन वर्ण हों और बीचमें स्वर वर्ण न हो, तो वे सब व्यञ्जन वर्ण एक साथ मिल जाते हैं। इस तरह मिलकर, व्यञ्जन वर्ण जो रूप धारण करते हैं उसको युक्ताक्षर कहते हैं।

संयुक्त या मिले हुए वर्णके पहलेका वर्ण (पूर्व्व वर्ण) ऊपर और पीछेका वर्ण (परवर्ण) प्रायः नीचे लिखा जाता है। जैसे —ব্+দ্=ব্দ; প্+ন্=প্ন; ন্+দ্+র্=ন্দ্র।

थोड़े से संयुक्त वर्णोंका रूप बदल जाता है। वे नीचे दिखाये गये हैं। जैसे—ঙ+গ=ঙ্গ, জ+ঞ=জ্ঞ, ক্+ষ=ক্ষ, চ+ঞ=ঞ্চ, দ+ধ=দ্ধ, ত+র=ত্র, ক+ত=ক্ত, ষ+ণ=ষ্ণ, হ+ন=হ্ন, ন্+থ=ন্থ, হ+ম=হ্ম, ত্+ত=ত্ত, প+র=প্র, গ+র=গ্র इत्यादि।

র্ किसी व्यञ्जन वर्णके पहिले रहनेसे, बादके वर्णके माथे पर जाकर (´) ऐसा आकार धारण करता है। इसका नाम रेफ है। रेफ युक्त कोई कोई वर्णका द्वित्व हो जाता है अर्थात् वे वर्ण दो हो जाते हैं। जैसे—র+দ=র্দ্দ। और; আর্দ্র, চর্চ্চা, নির্জ্জর इत्यादि।

'ছ' द्वित्व होनेसे 'চ্ছ', 'থ' द्वित्व होनेसे 'ত্থ', 'ধ' द्वित्व होनेसे 'দ্ধ', और ভ द्वित्व होनेसे 'ব্ভ', ऐसा रूप धारण करता है। ঋ, র और ন युक्त होनेसे 'শ'कार और 'স'कार का उच्चारण 'ছ'कार के समान होता है; जैसे—শ্রাদ্ধ, সৃষ্ট, স্নান इत्यादि। 'স'कारके साथ ত या থ युक्त होनेसे वह 'স'-कार 'চ'कार की तरह उच्चारित होता है। जैसे—প্রস্তাব, অবস্থিতি। जब 'হ' के नीचे कोई वर्ण लगता है तब वह 'হ' नीचेवाले वर्णके बाद उच्चारित होता है; जैसे আহ্লাদ =আল্+হাদ, মধ্যাহ্ন=মধ্যান্+হ, সহ্য=সয্+হ इत्यादि।

जब 'य' किसी वर्ण में संयुक्त होता है तो उसका उच्चारण 'इअ' और अन्त:स्थ 'व' किसी वर्ण में युक्त होनेसे, उच्चारण 'उअ' ऐसा होता है; जैसे—দিব্য=দিব্+উঅ, বিল্ব= বিল্+উঅ इत्यादि।

सन्धि प्रकरण।

११। दो वर्ण पास पास होनेसे आपसमें एक दूसरेसे मिल जाते हैं, उस मिलनको सन्धि कहते हैं।

१२। सन्धि दो प्रकार की है;—स्वर सन्धि और व्यञ्जन सन्धि।

१३। एक स्वर वर्णके साथ दूसरे स्वर वर्णके मिलनको स्वर-सन्धि कहते हैं।

१४। व्यञ्जन वर्णके साथ व्यञ्जन वर्ण या व्यञ्जनवर्णके साथ स्वरवर्णके मिलनको व्यञ्जन-सन्धि कहते हैं।

स्वर-सन्धि।

१५। অ के बाद অ या আ रहनेसे, और दोनोंके मिलनेसे আ होता है और वह আ पूर्व्व वर्णमें मिल जाता है। जैसे শীত+অংশু=শীতাংশু। यहाँपर शीत शब्द के अन्तमें অ है और पीछे অংশু शब्दका অ है; इसलिये उन दोनोंके मिलनेसे आकार हुआ और वह आकार तकार में मिलकर "शीतांशु"

पद हुआ। इसी तरह পীত + অম্বর = পীতাম্বর, কুশ + আসন = কুশাসন।

१६। আ के बाद অ अथवा আ रहनेसे और दोनोंके मिलनेसे আ होता है, और वह আ पूर्व वर्णमें मिल जाता है। जैसे বিদ্যা + অভ্যাস = বিদ্যাভ্যাস। यहाँपर विद्या शब्द के अन्तमें आ है और उस आ के बाद अभ्यास शब्दका अ है; इसलिये आ में अ मिलकर आ हुआ और वह आ पूर्व वर्ण 'द्य' में मिलकर "विद्याभ्यास" पद हुआ। उसी तरह তারা + আকার = তারাকার, মহা + আশয় = মহাশয় इत्यादि।

१७। ই के बाद ই या ঈ रहने से, और दोनोंके मिलनेसे ঈ होती है, वह ঈ पूर्व वर्णमें मिल जाती है। जैसे অতি + ইত = অতীত। यहाँ पर अति के इकार के बाद इति शब्द का इकार है; इसलिये दोनों इकारों के मिलनेसे ईकार हुआ और वही ईकार पूर्व वर्ण तकार में मिलकर "अतीत" पद हुआ। इसीतरह গিরি + ইন্দ্র = গিরীন্দ্র, গিরি + ঈশ = গিরীশ इत्यादि।

१८। ঈ के बाद ই या ঈ रहनेसे और दोनोंके मिलनेसे ঈ होती है वह ঈ पूर्व वर्ण में मिल जाती है। जैसे অতী + ইব = অতীব। यहाँपर ईकार के बाद इ है; इसलिये दोनों के मिलनेसे ईकार हुआ और वही ईकार पूर्व वर्ण तकार में मिल गया; जिससे अती + इव = अतीव के हुआ; इसी तरह পৃথ্বী + ঈশ্বর = পৃথ্বীশ্বর, কালী + ঈশ = কালীশ इत्यादि।

१८। उ के बाद उ या ऊ रहनेसे और दोनों के मिलनेसे ऊ होता है, यह ऊ पूर्व वर्ण में मिल जाता है। जैसे,—বিধু + উদয় = বিধূদয়। इसी तरह সাধু + উক্তি = সাধূক্তি। তনু + ঊর্দ্ধ তনূর্দ্ধ। বিধু + উদয় = বিধূদয়। यहाँपर विधु शब्दके ह्रस्व उ के बाद उदयका उ है; इसलिये ह्रस्व उ के बाद ह्रस्व उ रहनेके कारण और दोनोंके मिलनेसे दीर्घ ऊ हुआ। अब इसी दीर्घ ऊके पूर्ववर्ण ध में मिलनेसे विधूदय पद बन गया। সাধূক্তি—সাধু + উক্তি = সাধূক্তি। यहाँ पर साधु इस शब्दके ह्रस्व उकारके बाद उक्ति शब्दका ह्रस्व उ है; इसीसे ह्रस्व उकार के बाद ह्रस्व उ रहनेके कारण और दोनोंके मिलनेसे दीर्घ ऊ हुआ और वह ऊ पूर्ववर्ण ध कारमें मिलकर "साधूक्ति" पद बना। তনূর্দ্ধ—তনু + ঊর্দ্ধ = তনূর্দ্ধ। यहाँ पर तनु शब्दके ह्रस्व उकारके बाद ऊर्द्ध शब्दका दीर्घ ऊ है; इसलिये ह्रस्व उकारके बाद दीर्घ ऊ रहनेके कारण और दोनोंके मिलनेसे दीर्घ ऊ हुआ और वह दीर्घ ऊ पूर्ववर्ण न में मिलकर "तनूर्द्ध" पद बना।

२०। ऊ के बाद उ या ऊ रहनेसे और दोनोंके मिलनेसे ऊ होता है, और ऊ पूर्ववर्णमें मिल जाता है। जैसे—তনূ + উদ্বেগ = তনূদ্বেগ। यहाँ पर तनूके ऊ के बाद उद्वेग का उ रहनेसे और दोनोंके मिल जानेसे ऊ होगया और पूर्ववर्ण न में युक्त हुआ। इसी तरह ভূ + ঊর্দ্ধ = ভূর্দ্ধ इत्यादि।

२१। অ या আ के बाद ই या ঈ रहनेसे और दोनोंके मिलनेसे এ हो जाता है; और এ पूर्ववर्णमें मिल जाता है। जैसे—নগ + ইন্দ্র

= নগেন্দ্র, মত্ত + ইভ = মত্তেভ, রমা + ইশ = রমেশ, ধন + ঈশ্বর = ধনেশ্বর, উমা + ঈশ = উমেশ। नग + इन्द्र = नगेन्द्र ;—यहाँ पर नग शब्दके अ के बाद इन्द्रको इ है ; इसलिये अ के बाद इ रहनेसे और दोनोंके मिलनेसे ए हुआ और वह ए पूर्ववर्णमें मिलकर नगेन्द्र पद बना है। धन + ईश्वर = धनेश्वर;—यहाँ पर अ के बाद ई रहनेसे और दोनोंके मिलनेसे ए हुआ है। रमा + ईश = रमेश ; यहाँ पर आ के बाद दीर्घ ई रहनेसे और दोनोंके मिलनेसे ए हुआ है।

२२। অ या আ के बाद উ या ঊ रहनेसे और दोनोंके मिलनेसे ও होता है, और वह ও पूर्ववर्ण में मिल जाता है। जैसे—সূর্য্য + উদয় = সূর্য্যোদয়, নল + উদয় = নলোদয়, তরঙ্গ + ঊর্ম্মি = তরঙ্গোর্ম্মি, মহা + উদধি = মহোদধি, গঙ্গা + ঊর্ম্মি গঙ্গোর্ম্মি। सूर्य्य + उदय = सूर्य्योदय ;—यहाँ पर अकारके बाद ह्रस्व उ रहनेसे और दोनोंके मिलनेसे ओकार हुआ और ओकार पूर्ववर्णमें मिलकर सूर्य्योदय पद बना। महा + उदधि = महोदधि ;—यहाँ पर आकारके बाद उकार रहनेसे और दोनोंके मिलनेसे ओकार हुआ है। इसी तरह नलोदय, तरङ्गोर्म्मि, गङ्गोर्म्मि हैं।

२३। অ या আ के बाद ঋ रहनेसे और दोनोंके मिलनेसे অর্ होता है। অর का অ पूर्ववर्णमें मिल जाता है और র্ पर वर्णके माथेपर चला जाता है। अर्थात् रेफ हो जाता हैं। जैसे,—দেব + ঋষি = দেবর্ষি, উত্তম + ঋণ = উত্তমর্ণ, অধম +

ঋণি = অধমর্ণি, মহা + ঋষি = মহর্ষি । देव + ऋषि = देवर्षि ;— यहाँ पर अकारके बाद ऋ रहनेसे और दोनोंके मिलनेसे अर हुआ; अकार पूर्ववर्णमें मिल गया और र् के पर वर्ण ष के माथेपर चले जानेसे "देवर्षि" पद बना। महा + ऋषि = महर्षि ;— यहाँ पर आकारके बाद ऋ रहनेसे और दोनोंके मिलनेसे अर् हुआ है। अकार पूर्ववर्णमें मिल गया और र पर वर्णके माथेपर चला गया है। इसी तरह उत्तमर्णि अधमर्णि भी बने हैं।

२४। तृतीया तत्पुरुष समासमें अ या आ के बाद ঋত शब्द रहनेसे पूर्ववर्त्ती अ या আ के साथ मिलकर ঋত शब्द का আর্ होजाता है आर् का আ पूर्ववर्णमें मिल जाता है और र् पर वर्णके मस्तक पर चला जाता है अर्थात् रेफ हो जाता है। जैसे,—শোক + ঋতি = শোকার্ত্ত, তৃষ্ণা + ঋতি = তৃষ্ণার্ত্ত। * शोक + ऋति = शोकार्त्त ;—यहाँ पर शोक शब्दके अ के बाद ऋति शब्दका ऋकार रहनेसे और दोनोंके मिलनेसे आर् हुआ ; आ पूर्ववर्ण क में मिल गया और र पर वर्ण तकारमें जाकर "शोकार्त्त" पद बना।

२५। অ या আ के बाद এ या ঐ रहनेसे और दोनोंके मिलनेसे ঐ होता है। ঐकार पूर्ववर्णमें मिल जाता है जैसे— শত + এক = শতৈক, বার + এক = বারৈক, দিন + এক = দিনৈক, জন + এক = জনৈক, এক + এক = একৈক, মত + ঐক্য =

---

* रेफ युक्त व्यञ्जन वर्णका विकल्पमें द्वित्व होता है, जैसे पूर्वक, पूर्व्वक ; निर्दय, निर्द्दय इत्यादि।

মতৈক্য, বিপুল + ঐশ্বর্য্য = বিপুলৈশ্বর্য্য, মহা + ঐরাবত = মহৈরাবত, মহা + ঐশ্বর্য্য = মহৈশ্বর্য্য, অতুল + ঐশ্বর্য্য = অতুলৈশ্বর্য্য।

वार + एक = वारैक,—यहाँ पर वार शब्दके आकारके बाद एक शब्दका एकार रहनेसे और दोनोंके मिलनेसे ऐकार हुआ और ऐकार पूर्व वर्ण रकारमें मिलकर "वारैक" पद बना। अतुल + ऐश्वर्य्य = अतुलैश्वर्य्य,—यहाँ पर अकारके बाद ऐकार रहनेसे और दोनोंके मिलनेसे ऐकार हुआ है। महा + ऐरावत = महैरावत;—यहाँ पर आकारके बाद ऐकार रहनेसे और दोनोंके मिलनेसे ऐकार हुआ हैं। इसीतरह, दिनैक, जनैक, एकैक, मतैक्य, विपुलैश्वर्य्य, महैश्वर्य्य हैं।

२६। অ या আ के बाद ও या ঔ रहनेसे और दोनोंके मिलनेसे ঔ हो जाता है। वही ঔ पूर्व वर्णमें मिल जाता है। जैसे—জল + ওকাঃ = জলৌকাঃ, পত্র + ওঘ = পত্রৌঘ, নব + ঔষধি = নবৌষধি, মহা + ঔষধি = মহৌষধি, গত + ঔৎসুক্য = গতৌৎসুক্য, इत्यादि। जल + ओकाः = जलौकाः;—यहाँ पर जल शब्दके अकारके बाद ओकाः शब्दका ओकार रहनेसे और दोनोंके मिलनेसे औकार हुआ और वही औकार पूर्ववर्ण लकारमें मिलकर "जलौकाः" पद बन गया। इसी तरह, पत्रौघ, नवौषधि इत्यादि भी बने हैं।

२७। ই और ঈ के अलावः और कोई स्वरवर्ण ই या ঈ के बादमें रहनेसे ই वा ঈ के स्थानमें য् हो जाता है, वह য पूर्ववर्णमें मिल जाता है और बादका स्वर उसी यकारमें मिल जाता है।

जैसे—যদি + অপি = যদ্যপি, অতি + আহার = অত্যাহার, প্রতি + আশা = প্রত্যাশা, প্রতি + আদেশ = প্রত্যাদেশ, নদী + উত্থিত = নদ্যুত্থিত, কালী + আগার = কাল্যাগার, इत्यादि। यदि + अपि = यद्यपि ;—यहाँ पर यदि शब्दके इकारके बाद अपि शब्दका अकार है ; इसीसे इ और ई के सिवाय और कोई स्वर वर्ण बादमें रहनेसे इकारके स्थानमें य हुआ और वही य परवर्त्ती स्वरवर्ण अपिके अकार और पूर्ववर्ण दकारमें संयुक्त होकर "यद्यपि" पद बना। इसी तरह अत्याहार, प्रत्याशा इत्यादि भी बने हैं।

२८। उ और ऊ के सिवाय और कोई स्वरवर्ण बादमें रहने से উ বা ঊ के स्थानमें व होता है, वह व पूर्ववर्णमें मिल जाता है और परवर्त्ती स्वर भी पूर्व वर्णमें मिल जाता है। जैसे—সু + আগত = স্বাগত, সাধু + ইচ্ছা = সাধ্বীচ্ছা, তনু + আচ্ছাদন—তন্বাচ্ছাদন, চক্ষু + আদি = চক্ষ্বাদি इत्यादि। सु + आगत = स्वागत ;—यहाँ पर सु शब्दके उकारके बाद आगत शब्दका आकार है ; इसीसे उ ऊ के सिवाय अन्य स्वरवर्ण बादमें रहनेसे उकारके स्थानमें व हुआ। व और परवर्त्ती स्वर वर्ण आगतके आकारके पूर्व वर्ण सकारमें मिल जानेसे "स्वागत" पद बना ; इसी तरह साध्वीच्छा और तन्वाच्छादन बने हैं।

२९। ऋ के सिवाय और कोई स्वर वर्ण बादमें रहनेसे ঋ के स्थानमें র্ होता है ; वह র্ पूर्व वर्णमें मिल जाता है और

परवर्त्ती स्वर उसी रकारमें मिल जाता है। जैसे—मातृ+आज्ञा=মাত্রাজ্ঞা, इत्यादि। मातृ+आज्ञा=मात्राज्ञा ;—यहाँ पर मातृ शब्दके ऋकारके बाद आज्ञाका आकार है; इससे ऋ भिन्न स्वर वर्ण बादमें रहनेके कारण ऋकारके स्थानमें र हुआ और वह र और परवर्त्ती स्वर वर्ण आज्ञाका आकार पूर्व वर्ण तकारमें मिलकर "मात्राज्ञा" पद बना।

३०। स्वरवर्ण परे रहनेसे पूर्ववर्त्ती এ, ঐ, ও, ঔ के स्थानमें क्रम क्रमसे অয়, আয়, অব, আব होता है यानी এ की जगह पर অয়, ঐ की जगह पर আয়, ও के स्थानमें অব, और ঔ के स्थानमें আব होता है; অয়, আয়, অব, আব के অ और আ पूर्व वर्णमें मिल जाते हैं और परवर्त्ती स्वर এ, য় में और ও, ব में मिल जाता है। जैसे- নে+অন=নয়ন, বিনৈ+অক=বিনায়ক, গৈ+অক=গায়ক, পো+অন=পবন, ভো অন=ভবন, শো+অন=শবন, নৌ+ইক=নাবিক। ने+अन=नयन ;—यहाँ पर एकारके बाद स्वरवर्ण रहनेसे एकार की जगह अय हुआ और अयका अकार पूर्ववर्ण नकार में मिलकर "नयन" पद बना। इसी तरह विनै+अक=विनायक;—यहाँपर ऐकारके बाद स्वरवर्ण है इसलिये ऐकारके स्थानमें आय हुआ और आयका आकार पूर्ववर्ण नकारमें मिलकर "विनायक" पद बना। इसी तरह गै+अक=गायक पो+अन=पवन ;—यहाँ पर ओकारके बाद स्वरवर्ण रहनेसें ओकारके स्थानमें अव हुआ और अवका अकार पूर्व वर्ण प-

कारमे मिलकर "পবন" पद बना; इसीतरह 'ভবন শ্রবন' भी बने हैं। নৌ + ইক = নাবিক ;—यहाँ पर औकारके बाद स्वर वर्ण रहनेके कारण औंकारके स्थानमें आव हुआ और आव का आकार पूर्ववर्ण नकारमें मिलकर "নাবিক" बना।

व्यञ्जन सन्धि ।

२१। स्वर वर्ण या वर्गका तीसरा चौथा वर्ण अथवा য, র, ল, ব, হ परे रहनेसे, वर्गके पहले वर्ण के स्थान में उस वर्ग का तीसरा वर्ण हो जाता है। जैसे—বাক্ + আড়ম্বর = বাগাড়ম্বর, বাক্ + ইন্দ্রিয় = বাগিন্দ্রিয়, দিক্ + অন্ত = দিগন্ত, ত্বক + ইন্দ্রিয় = ত্বগিন্দ্রিয়, দিক্ + গজ = দিগ্গজ, বাক্ + জাল = বাগ্জাল, বাক্ + দান = বাগ্দান, বাক্ + দেবী = বাগ্দেবী, দিক্ + বিদিক = দিগ্বিদিক, ষট্ + দল = ষড়দল, উৎ + ঘাটন উদ্ঘাটন, সৎ + বিদ্যা = সদ্বিদ্যা, জগৎ + বল্লভ = জগদ্বল্লভ, অপ + জ = অব্জ इत्यादि।

२२। पञ्चम वर्ण परे रहनेसे वर्गके पहिले वर्णके स्थानमें पञ्चम वर्ण होता है; और अगर দ के बाद ন या ম रहे तो उस দ के स्थानमें ন हो जाता है। जैसे—দিক্ + নাগ = দিঙনাগ, দিক্ + মুখ = দিঙ্মুখ, অপ্ + ময় = অম্ময়, খদ্ + মুখ = খন্ম খ, উৎ + নয়ন = উন্নয়ন, তদ্ + নীর = তন্নীর।

३३। চ या ছ परे रहनेसे पूर्ववर्त्ती ৎ या দ্ के स्थानमें চ होता है। जैसे—শরৎ + চন্দ্র = শরচ্চন্দ্র, উৎ + চারণ = উচ্চারণ, উৎ + ছেদ = উচ্ছেদ, তদ্ + চরণ = তচ্চরণ, তদ্ + ছাত্র = তচ্ছাত্র।

३४। জ अथवा ঝ परे रहने से पूर्ववर्त्ती ৎ या দ্ के स्थानमें জ होता है। जैसे—উৎ + জ্বল = উজ্জ্বল, তৎ + ঝটিকা = তজ্ঝটিকা।

३५। ট या ঠ परे रहने से पूर्ववर्त्ती ৎ और দ্ के स्थानमें ট होता है। जैसे—উৎ + টলন = উট্টলন, তদ + ঠকার = তট্-ঠকার।

३६। ড या ঢ परे रहनेसे पूर्ववर्त्ती ৎ या দ্ के स्थानमें ড होता है। जैसे—উৎ + ডীন = উড্ডীন, তদ্ + ঢক্কা = তড্ঢক্কা, বৃহৎ + ঢক্কা = বৃহড্ঢক্কা।

३७। यदि চ या জ के बाद ন रहे तो ন के स्थान में ঞ होता है। जैसे—যাচ্ + না = যাচ্ঞা, রাজ + নী = রাজ্ঞী।

३८। यदि ল परे हो तो पूर्ववर्त्ती ৎ, দ্ और ন্ के स्थानमें ল होता है, और ন के पूर्ववर्णमें चन्द्रविन्दु लग जाता है। जैसे—উৎ + লাস = উল্লাস, ভবৎ + লেখা = ভবল্লেখা, উৎ + লেখ = উল্লেখ, উৎ + লঙ্ঘন = উল্লঙ্ঘন। তদ্ + লোভ = তল্লোভ, এতদ্ + লীন = এতল্লীন, বিদ্বান্ + লেখক = বিদ্বাঁল্লেখক।

३९। यदि ৎ या দ্ के बाद শ रहे तो ৎ और দ্ के

स्थानमें च् और श् के स्थानमें छ होता है। जैसे—ভবৎ+শংখ=ভবচ্ছংখ, উত=শৃঙ্খল=উচ্ছৃঙ্খল. জগৎ+শরণ্য=জগচ্ছরণ্য, তদ্+শম্বুক=তচ্ছম্বুক।

४०। ৎ या দ के बाद হ रहनेसे और दोनोंके मिलनेसे দ্ধ होता है। जैसे,—উৎ+হার=উদ্ধার, উৎ=হত=উদ্ধত, তদ্+হরিণ=তদ্ধরিণ।

४१। ষ के बाद ৎ या থ रहनेसे ৎ के स्थानमें ট और থ के स्थानमें ঠ होता है। जैसे—আকৃষ্+ত=আকৃষ্ট, ষষ্+থ=ষষ্ঠ।

४२। स्पर्श वर्ण परे रहने से पदके अन्तस्थित ম্ के स्थान में अनुस्वार होता है अथवा जिस वर्ग का वर्ण परे रहता है ম্ के स्थान में उसी वर्ग का पञ्चम वर्ण होता है। और अन्तःस्थ और ऊष्मवर्ण परे रहनेसे ম के स्थान में केवल अनुस्वार होता है। जैसे—সম্+কীর্ণ=সঙ্কীর্ণ या সংকীর্ণ, কিম্+কর=কিঙ্কর या কিংকর, সম্+গতি=সঙ্গতি या সংগতি, কিম্+চিত=কিঞ্চিৎ या কিংচিৎ, সম্+পূজ্য=সম্পূজ্য या সংপূজ্য, সম্+ভৃতি=সম্ভৃতি या সংভৃতি, সম্+যম্=সংযম, সম্+যোগ=সংযোগ সম্+রক্ষণ=সংরক্ষণ, সম্+লগ্ন=সংলগ্ন, সম্+বাদ=সংবাদ, সম+শয়=সংশয়, সম+হৃদ=সংহৃদ।

४३। व्यञ्जन वर्ण परे रहनेसे দিব্ शब्द के स्थानमें দ্যু होता है। जैसे—দিব্+লোক=দ্যুলোক, দিব্+ভবন=দ্যুভবন।

४४। स्वरवर्ण के बाद छ रहने से छ के स्थानमें च्छ होता है। जैसे—পরি + ছেদ = পরিচ্ছেদ, অব + ছেদ = অবচ্ছেদ, স + ছিদ্র = সচ্ছিদ্র, বৃক্ষ + ছায়া = বৃক্ষচ্ছায়া, গৃহ + ছায়া = গৃহচ্ছায়া।

४५। উৎ शब्दके बाद স্থা और স্তম্ভ धातुके "স" का लोप होता है। जैसे—উৎ + স্থান = উত্থান, উৎ + স্তম্ভ = উত্তম্ভ।

४६। সম্ और পরি के बाद কৃ धातुका पद रहनेसे वह कृ धातु निष्पन्न पदके पूर्व्व क्रमशः স্ और ষ্ होता है अर्थात सम्के बाद स और परि के बाद ष होता है। जैसे—সম্ + করণ = সংস্করণ, সম্ + কৃত = সংস্কৃত, সম্ + কার = সংস্কার, পরি + কার = পরিষ্কার।

४७। চ या ছ बादमें रहने से विसर्ग के स्थान में শ होता है। जैसे—মনঃ + চকোর = মনশ্চকোর, নিঃ + চয় = নিশ্চয়, শিরঃ + ছেদ = শিরশ্ছেদ, উরঃ + ছদ্ = উরশ্ছদ্।

४८। ট या ঠ परे रहने से विसर्ग के स्थानमें ষ্ होता है। जैसे—ধনুঃ + টঙ্কার = ধনুষ্টঙ্কার।

४९। ত या থ परे रहने से विसर्ग के स्थान में স होता है। जैसे—নিঃ + তেজ = নিস্তেজ, দুঃ + তর = দুস্তর, ইতঃ + ততঃ ইতস্ততঃ।

५०। अकार वर्गके तीसरे, चौथे, पाँचवे वर्ण अथवा য, র, ল, ব, হ, के परे रहने से अकार और अकार के बाद के विसर्ग इन दोनोंके मिलनेसे "ও" होता है। वह पूर्व ओकार वर्णमें

मिल जाता है और परे अकार रहनेसे उसका लोप होता है। जैसे—ততঃ + অধিক = ততোধিক, মনঃ + গত = মনোগত, অধঃ + গমন = অধোগমন, সদ্যঃ + জাত = সদ্যোজাত, পয়ঃ + নিধি = পয়োনিধি, যশঃ + ধন = যশোধন, মনঃ + যোগ = মনোযোগ, মনঃ + বেগ = মনোবেগ, इत्यादि।

५१। स्वरवर्ण, वर्गके तीसरे, चौथे, पाँचवें वर्ण अथवा য র ল ব হ के परे रहनेसे अकार के बादके র जात विसर्ग के स्थान में र् होता है। यदि. स्वर वर्ण या গ, ঘ, ঙ, জ, ঝ, ঞ, ড, ঢ, ণ, দ, ধ, ন, ব, ভ, ম और য র ল ব হ के परे रहता है तो अकार के बादके र जात विसर्ग के स्थान में র होता है। पूर्व्व लक्षण के अनुसार ओकार नहीं होता। जैसे—অহঃ + অহ = অহরহ, প্রাতঃ + আশ = প্রাতরাশ, পুনঃ + জন্ম = পুনর্জ্জন্ম, অন্তঃ + আত্মা = অন্তরাত্মা, অন্তঃ + দেশ = অন্তর্দ্দেশ, পুনঃ + উক্তি = পুনরোক্তি।

५२। स्वरवर्ण, वर्गका तीसरा, चौथा, पाँचवा वर्ण या য র ল ব হ परे रहने से অ আ भिन्न स्वरवर्णके बाद के विसर्ग की जगह র् होता है। जैसे—নিঃ + ভয় = নির্ভয়, বহিঃ + গত = বহির্গত, দুঃ + আত্মা = দুরাত্মা, দ্বিঃ + উক্তি = দ্বিরুক্তি, দুঃ + লভ = দুর্লভ।

५३। র परे रहने से विसर्ग के स्थान में जो র् होता है, उस র্ का लोप होता है और पूर्व्व स्वर दीर्घ हो जाता है।

जैसे—নিঃ + রোগ = নীরোগ, নিঃ + রস = নীরস, নিঃ + রব = নীরব, চক্ষুঃ + রাগ = চক্ষুরাগ।

५४। স্থ परे रहने से, पूर्ववर्त्ती विसर्ग का विकल्प में लोप होता है। जैसे—মনঃ + স্থ = মনস্থ या মনঃস্থ, দুঃ + স্থ = দুস্থ, इत्यादि।

५५। समास में ক খ প ফ परे रहनेसे विसर्ग के स्थान में विकल्प से স होता है; और वही স् अगर অ আ भिन्न स्वरवर्ण के बाद का होता है तो ষ् हो जाता है। जैसे—নিঃ + কর্ম্মা = নিষ্কর্ম্মা या নিঃকর্ম্মা; ভাঃ + কর = ভাস্কর, ভাঃকর; দুঃ + কর = দুষ্কর, দুঃকর; তেজঃ + কর = তেজস্কর, তেজঃকর; ভাঃ + পতি = ভাস্পতি, ভাঃপতি; নিঃ + ফল = নিষ্ফল, নিঃফল।

५६। अकार भिन्न स्वरवर्ण परे रहनेसे अकार के बाद के विसर्ग का लोप होता है। लोप के बाद फिर सन्धि नहीं होती। जैसे—অতঃ + এব = অতএব, পয়ঃ + ওঘ = পয়ওঘ।

५७। बँगला भाषामें पदके अन्तस्थित विसर्ग का विकल्पमें लोप होता है। यथा—ফলতঃ, ফলত; বিশেষতঃ, বিশেষত; বস্তুতঃ, বস্তুত; মনঃ, মন।

णत्व विधान।

"ण" के लगानेके स्थान।

५८। ঋ, র্, ষ के बादका दन्त्य ন मूर्द्धन्य् होता है। जैसे—ঋণ, বর্ণ, তৃণ, বিদীর্ণ, বিষ্ণু, উষ্ণ, সহিষ্ণু।

५८। ঋ, র্, ষ के बाद स्वरवर्ण, कवर्ग, पवर्ग, হ য ব या अनुस्वार व्यवधान रहने पर भी दन्त्य न मूर्द्धन्य होता है। जैसे—কারণ, দর্পণ, পাষাণ, নির্ব্বাণ, রুক্মিণী, বৃংহণ, বিস্মরণ।

६०। उल्लिखित वर्णके सिवा और कोई वर्ण व्यवधान में नहीं होता। जैसे—অর্চ্চনা কীর্ত্তন, রসনা।

६१। पदके अन्तमें या दूसरे पदमें न रहनेसे वह मूर्द्धन्य नहीं होता जैसे—দুরপনেয়, দুর্নাম, দুর্নয়।

६२। क्रियाके अर्न्तार का दन्त्य न मूर्द्धन्य नहीं होता। जैसे—করেন, ধরেন, মারেন।

६३। ত, থ, দ, ধ, संयुक्त न "ণ" नहीं होता। जैसे—প্রান্ত, ভ্রান্ত, রন্ধ্র।

थोड़ेसे स्वाभाविक मूर्द्धन्य ণ विशिष्ट पद है। जैसे—বাণি, মণি, বেণী, গুণ, কঙ্কণ, গণ, বিপণি, পণ, আপণ, বীণা, স্থাণু, নিপুণ, লবণ, কণিকা, বাণ, মৎকুণা, শোণ, কোণ, কল্যাণ, কণা, অণু, কাণ, ধূণ, বণিক इत्यादि।

६४। অ আ भिन्न स्वरवर्ण अथवा क और र इन वर्णों के किसी भी परस्थित पदके बीचका दन्त्य স मूर्द्धन्य होता है। विसर्ग व्यवधान रहनेपर भी षत्व होता है। लेकिन সাৎ प्रत्ययका স मूर्द्धन्य नहीं होता। जैसे—মুমূর্ষু, বক্ষ্যমান, জিগীর্ষা, চিকীর্ষা, পরিষ্কার, নিষেধ, অধিষ্ঠান, আবিষ্কার इत्यादि।

कुछ शब्दोंका ষ स्वाभाविक ही मूर्द्धन्य होता है। जैसे

ভাষা, পাষাণ, কল্মষ, আষাঢ়, কল্মাষ, কষায়, কষ্ট কুল্মাষ ইত্যাদি।

पद।

सारे पद पाँच भागोंमें बाँटे गये हैं। यथा; (१) विशेष्य (२) विशेषण, (३) सर्व्वनाम, (४) अव्यय (५) क्रिया।

विशेष्य।

कोई चीज, व्यक्ति, जाति, गुण और क्रिया वाचक शब्दको বিশেষ্য कहते हैं। जैसे;—বস্ত্র, মৃত্তিকা; রাম, যদু; গায়, মনুষ্য; ভদ্রতা, মহত্ত্ব; গমন, ভোজন इत्यादि।

विशेष्य पदमें লিঙ্গ, বচন, পুরুষ और কারক होते हैं। इनके जाननेसे वाक्यार्थ जाननेमें सुभीता होता है।

लिंग।

जिसके द्वारा पुरुष, स्त्री आदि जातिका ज्ञान होता है उसे लिङ्ग कहते हैं।

लिङ्ग तीन प्रकारके होते हैं। पुंलिङ्ग, स्त्रीलिङ्ग और क्लीवलिङ्ग।

बँगला भाषामें क्लीवलिङ्ग का कोई विशेष रूप नहीं

होता। फल, जल, अरण्य प्रभृति क्लीवलिङ्ग शब्दोंका रूप पुंलिङ्ग जैसा होता है।

जिन शब्दोंसे पुरुष जातिका ज्ञान होता है, वे पुंलिङ्ग कहे जाते हैं। जैसे;—মনুষ্য, বালক, সিংহ, অশ্ব इत्यादि।

जिन शब्दोंसे स्त्री जातिका बोध होता है उन्हें स्त्रीलिङ्ग कहते हैं। जैसे;—স্ত্রী, কন্যা, হরিণী, নারী, মহিষী, হস্তিনী, ঘোটকী, কুক্কুরী इत्यादि।

विद्युत, रात्रि, लता, बुद्धि, पृथिवी, नदी, लज्जा, शोभा, एवं ज्योत्स्ना, इनके अर्थमें जिन शब्दोंका प्रयोग होता है वे स्त्रीलिङ्ग होते हैं। जैसे,—সৌদামিনী, বসুমতী, যামিনী, इत्यादि।

याद रखना चाहिये कि বিদ্যুৎ, তৃষ্ণা, বীণা, সভা, রুচি, নাড়ী, বনিতা, তারা, শ্রেণী, শোভা ধূলি, নদী, নীতি, সরিৎ, বেণী, সৌদামিনী, লতা, লজ্জা, কথা, নৌকা, নাসিকা, গ্রীবা, বিভা, ভাষা, হরিদ্রা, জিহ্বা, পুষ্করিণী इत्यादि थोड़े से शब्द सदा स्त्रीलिङ्ग होते हैं।

सामान्य स्त्रीलिंग प्रत्यय।

(क) जिन शब्दोंके अन्तमें "অ" (अकार) होता है, स्त्रीलिङ्ग में "অ" के स्थानमें "আ" (आकार) हो जाता है। जैसे;—ক্ষীণ, ক্ষীণা; সর্ব্ব, সর্ব্বা; সবল, সবলা; দুর্ব্বল,

দুর্বিনা ; রাম, রামা ; মনোহর, মনোহরা ; কোকিল, কোকিলা ; কৃষ্ণ, কৃষ্ণা ; দীর্ঘ, দীর্ঘা इत्यादि।

(ख) जिन जातिवाचक शब्दोंके अन्तमें "অ" होता है, स्त्रीलिङ्गमें "অ" के स्थानमें "ই" हो जाती है। जैसे ;— ব্রাহ্মণ, ব্রাহ্মণী ; মৃগ, মৃগী ; রাক্ষস, রাক্ষসী ; অশ্ব, অশ্বী ; গোপ, গোপী ; সারস, সারসী ; পিশাচ, পিশাচী ; দানব, দানবী ; হংস, হংসী ; মানুষ, মানুষী ; কুরঙ্গ, কুরঙ্গী ; সর্প, সর্পী ; ব্যাঘ্র, ব্যাঘ্রী ; রজক, রজকী ; সিংহ, সিংহী ; মৎস্য, মৎসী इत्यादि।

(ग) जिन शब्दोंके अन्तमें ময়, দৃশ, চর और কর शब्द होते हैं उनका स्त्रीलिङ्ग प्रायः ईकारान्त होता है यानी उनके अन्तमें "ঈ" लगा दी जाती है। जैसे ;—প্রস্তরময়, প্রস্তরময়ী ; মৃণ্ময়, মৃণ্ময়ী ; যাদৃশ, যাদৃশী ; এতাদৃশ, এতাদৃশী ; খেচর, খেচরী ; সুখকর, সুখকরী ; জলচর, জলচরী ; শুভকর, শুভকরী ; স্বর্ণময়, স্বর্ণময়ী ; হিতকর, হিতকরী ; কিঙ্কর, কিঙ্করী ; সহচর, সহচরী ; इत्यादि।

(घ) जिन शब्दोंके अन्तमें "ইন্" होता है, उनके स्त्रीलिङ्गके रूपमें उनके अन्तमें "ঈ" हो जाती है। जैसे ;—দায়িন্, দায়িনী ; বিধায়িন্, বিধায়িনী ; মানিন্, মানিনী ; জ্ঞানিন্, জ্ঞানিনী इत्यादि।

(ङ) जिन शब्दोंके अन्तमें "বান্" होता है, उनके स्त्रीलिङ्गमें "বান্" के स्थानमें "বতী" हो जाती है। जैसे ;— গুণবান্, গুণবতী ; রূপবান্, রূপবতী ; इत्यादि।

(च) जिन शब्दोंके अन्तमें "অক" होता है उनके स्त्री-लिङ्गमें "অক" के स्थानमें "ইকা" हो जाता है। जैसे ;—পাচক, পাচিকা ; নায়ক, নায়িকা ; দায়ক, দায়িকা ; বালক, বালিকা ; গায়ক, গায়িকা इत्यादि।

(छ) अङ्गवाचक शब्द, स्त्रीलिङ्गके विशेषणमें, प्राय: "ঈ" कारान्त हो जाते हैं। जैसे ;—সুকেশ, সুকেশী ; সুমুখ, সুমুখী इत्यादि।

(ज) প্রথম, দ্বিতীয় और তৃতীয় शब्दोंके सिवा और सब पूरणवाचक शब्दोंके बाद स्त्रीलिङ्गमें "ঈ" होती है ; किन्तु প্রথম, দ্বিতীয় और তৃতীয় के बाद "আ" होता है। जैसे—চতুর্থী, পঞ্চমী, ষষ্ঠী, সপ্তমী, অষ্টমী, নবমী, দশমী इत्यादि और প্রথমা, দ্বিতীয়া, তৃতীয়া।

(झ) गुणवाचक "উ"कारान्त शब्दोंके बाद स्त्रीलिङ्गमें विकल्पसे "ঈ" होती है और पहले "উ" के स्थानमें "ব" होता है। जैसे ;—গুরু, গুর্ব্বী ; লঘু, লঘ্বী ; মৃদু, মৃদ্বী ; इत्यादि।

(ञ) जिन शब्दोंके अन्तमें "ঈয়স্" प्रत्यय होता है उनके स्त्रीलिङ्गके रूपमें, अन्तमें "ঈ" होजाती है। जैसे ;—লঘীয়স, লঘীয়সী ; গরীয়স, গরীয়সী ; ভূয়স, ভূয়সী ; প্রেয়স, প্রেয়সী ; इत्यादि।

(ट) जिन शब्दोंके अन्तमें "অৎ" होता है उनके स्त्री-लिङ्गमें प्राय: पीछे "ঈ" हो जाती है। जैसे—মহৎ, মহতী ; সৎ, সতী ; গুণবৎ, গুণবতী इत्यादि।

(ठ) जिन शब्दोंके अन्तमें "मৎ" और "বৎ" होते हैं उनके स्त्रीलिङ्गके रूपोंमें अन्तमें "ঈ" हो जाती है। जैसे ;—

शब्द	पुंलिङ्ग	स्त्रीलिङ्ग
শ্রীমৎ	শ্রীমান্	শ্রীমতী
দয়াবৎ	দয়াবান্	দয়াবতী
জ্ঞানবৎ.	জ্ঞানবান্	জ্ঞানবতী.

(ड) जिन शब्दोंके अन्तमें "তা" और "তি" प्रत्यय होते हैं, वे शब्द स्त्रीलिङ्ग होते हैं। जैसे ;—গতি, মতি, ভক্তি, লঘুতা, ভদ্রতা इत्यादि।

(ढ) মাতৃ, দুহিতৃ. স্বসৃ; ননন্দৃ, যাতৃ आदि कुछ शब्दोंको छोड़कर जिन शब्दोंके अन्तमें "ঋ" होती है उनके स्त्रीलिङ्ग के रूपोंमें, शब्दके अन्तमें "ঈ" हो जाती है और "ঋ" के स्थानमें "র" हो जाता है। जैसे ;—

शब्द	पुंलिङ्ग	स्त्रीलिङ्ग
দাতৃ	দাতা	দাত্রী
বিধাতৃ	বিধাতা	বিধাত্রী
কর্ত্তৃ	কর্ত্তা	কর্ত্রী

लेकिन মাতৃ का মাতা और দুহিতৃ का দুহিতা इत्यादि होता है।

(ण) কাল, গৌর, তরুণ, পুত্র प्रभृति शब्दोंके स्त्रीलिङ्गमें दीर्घ "ঈ" होजाती है। जैसे ;—

কাল, কালী ; গৌর, গৌরী ; তরুণ, তরুণী ; কুমার, কুমারী ; পুত্র. পুত্রী ; মণ্ডল, মণ্ডলী ; নগর, নগরী ; সুন্দর,

সুন্দরী ; চণ্ড, চণ্ডী ; পিতামহ, পিতামহী ; নর্ত্তক, নর্ত্তকী ; নট, নটী ; নদ, নদী ; ঘট, ঘটী ; কিশোর, কিশোরী ; নাগ, নাগী ;

(ত) कुछ शब्दोंके रूप स्त्रीलिङ्ग और पुंलिङ्गमें एकसे होते हैं। जैसे—সম্রাট্, বিরাট, কবি इत्यादि।

(थ) कुछ शब्द स्त्रीजातिका बोध न करानेपर भी सदा स्त्रीजातिके रूपमें गिने जाते हैं। जैसे—আমলকী, হরীতকী, বদরী, কাশী, কাঞ্চী, কাবেরী, কদলী, মথুরা इत्यादि।

(द) कुछ ह्रस्व "ই" कारान्त स्त्रीलिङ्ग शब्द विकल्पसे "ঈ" कारान्त हो जाते हैं। जैसे,—রজনি, রজনী ; রাত্রি, রাত্রী ; শ্রেণি, শ্রেণী ; ভূমি, ভূমী ; সূচি, সূচী ; इत्यादि।

(ध) जनक प्रभृति कुछ शब्दोंका स्त्रीलिङ्गके रूपमें भेद होता है। जैसे—

জনক, জননী ; পিতা, মাতা ; বর, কন্যা ; ভ্রাতা, ভগিনী ; নর, নারী ; পুরুষ, স্ত্রী ; হিম, হিমানী, মামা, মামী ; বুড়া বুড়ী ; ঠাকুর, ঠাকুরাণী ; চণ্ডাল, চণ্ডালিনী ; শুক, সারী, ইত্যাদি।

(न) कुछ पुंलिङ्ग शब्दोंके स्त्रीलिङ्गके रूप नीचे और दिखाये जाते हैं। जैसे :—

पुंलिङ्ग	स्त्रीलिङ्ग	पुंलिङ्ग	स्त्रीलिङ्ग
রাজা	রাজ্ঞী	বিদ্বান্	বিদুষী
রুদ্র	রুদ্রাণী	মাতুল	মাতুলানী*

* মাতুল शब्दके स्त्रीलिङ्ग में तीन रूप होते हैं :— মাতুলানী, মাতুলী, মাতুলা।

पुंलिङ्ग	स्त्रीलिङ्ग	पुंलिङ्ग	स्त्रीलिङ्ग
ইন্দ্র	ইন্দ্রাণী	ব্রহ্মা	ব্রহ্মাণী
যুবা	যুবতী	ভব	ভবানী
বরুণ	বরুণানী	পাপীয়ান্	পাপীয়সী
বৈশ্য	বৈশ্যা	দাস	দাসী
শূদ্র	শূদ্রা	পৌত্র	পৌত্রী
দৌহিত্র	দৌহিত্রী	খুড়া	খুড়ী

बचन।

जिसके द्वारा वस्तुकी संख्या जानी जाती है उसे "बचन" कहते हैं।

बचन दो प्रकारके होते हैं:—

(१) एकबचन।

(२) बहुबचन।

एकवचन के विभक्ति युक्त पदके द्वारा केवल एक पदार्थ जाना जाता है। जैसे; বালক।

बहुवचन के विभक्ति पदके द्वारा, एक भिन्न, अनेक वस्तुओं का ज्ञान होता है। जैसे; বালকেরা।

"बालक" कहनेसे केवल एक बालक और "बालकेरा" कहनेसे एकसे अधिक बालक समझे जाते हैं।

बहुवचन में शब्दके पीछे রা, এরা, দিগ, গণ, গুলা, গুলি

इत्यादि शब्द लगाये जाते हैं। जैसे—मनुष्येरा, লোকগুলা, পুস্তকগুলী। *

पुरुष।

कारकके आश्रय को ही पुरुष कहते हैं। जैसे;

যদু পড়িতেছে=यदु पढ़ता है।

রামকে পড়াও=रामको पढ़ाओ।

यहाँ "यदु" कर्त्ताकारक है और "राम" कर्मकारक है। अतएव "यदु" और "राम" में से प्रत्येक कारक के आश्रय है। इसीसे इन में से प्रत्येक "पुरुष" कहा जाता है।

पुरुष तीन प्रकारके होते हैं:—

(१) उत्तम पुरुष। जैसे; আমি (मैं)

(२) मध्यम पुरुष। जैसे; তুমি (तुम)

(३) प्रथम पुरुष। जैसे; তিনি (वह)

---

* अप्राणिवाचक शब्दोंके बहुबचनमें রা, এরা, चिन्ह नहीं लगाये जाते। ऐसे शब्दोंके साथ গুলি, গুলা, সকল, সমূহ इत्यादि शब्द इस्तेमाल किये जाते हैं। नीचे दर्जेके प्राणि-वाचक शब्दोंके अन्तमें भी রা, এরা का प्रयोग नहीं होता। उनके अन्तमें भी গুলা, গুলি इत्यादि प्रयोग किये जाते हैं। जैसे; পত্রগুলি, জলবিন্দু সকল, পতঙ্গগুলি, কীটগুলা इत्यादि। ऐसा कभी नहीं होता—পত্রেরা, জলবিন্দুরা, পতঙ্গেরা, কীটেরা इत्यादि।

इन सब पुरुषोंके बाद के, ए, थे, ते, द्वारा, दिया, हइते, थेके, र, ए, एर, वगैरः शब्द जो इस्तैमाल होते हैं इन्हें विभक्ति अथवा चिन्ह कहते हैं। विभक्ति द्वारा ही वचन और कारक जाने जाते हैं।

कारक।

क्रियाके साथ जिस पदका किसी तरहका सम्बन्ध रहता है उसे कारक कहते हैं। जैसे বালক খেলিতেছে, আমি বৃক্ষ দেখিতেছি, তুমি অস্ত্র দ্বারা শাখা কর্ত্তন কর।

यहाँ खेलितेछे, देखितेछि और कर्त्तन ये तीनों क्रिया हैं। खेलनेका काम बालक करता है; इससे खेलितेछे क्रिया का सम्बन्ध बालकसे है; अतएव बालक एक कारक है। आमि वृक्ष देखितेछि, इस जगह मेरे देखनेका काम वृक्ष पर सम्पन्न होता है सुतरां देखितेछि इस क्रियाका आमि और वृक्षसे सम्पर्क है। अतएव आमि और वृक्ष दोनों ही कारक हैं।

कारक छे प्रकारके होते हैं। जैसे;—(१) कर्त्ता, (२) कर्म, (३) करण (४) सम्प्रदान, (५) अपादान, (६) अधिकरण।

कर्त्ता।

जो करता है, जो होता है अर्थात् जिससे कर्त्तृक क्रिया सम्पन्न होती है उसे कर्त्ता कहते हैं। कर्त्तामें प्रथमा विभक्ति

होती है। जैसे; রাম পুস্তক পড়িতেছে, শিশু চাঁদ দেখিতেছে, রাজা আসিতেছেন इत्यादि।

यहाँ पर पड़ितेछे क्रियाका "कर्त्ता" राम है; क्योंकि जो करता है उसीको कर्त्ता कहते हैं। राम पुस्तक पड़ितेछे, यहाँ पर कौन पुस्तक पढ़ता है? राम। इसलिये "राम" कर्त्ता है। शिशु चाँद देखितेछे, यहाँ पर चाँद कौन देखता है? शिशु; इसलिये "शिशु" कर्त्ता है। "राजा" आसितेछेन, यहाँ पर आता है कौन? राजा; इसलिये "राजा" कर्त्ता है।

कर्म्म।

जो किया जाता है, जो सुना जाता है, जो देखा जाता है, जो लाया जाता है, जो दिया जाता है, जो लिया जाता है, जो रक्खा जाता है, जो पकड़ा जाता है, जो मारा जाता है, उसे कर्म कहते हैं। कर्ममें द्वितीया विभक्ति होती है। कर्मकी विभक्तियों के चिन्ह ये हैं কে, রে, এরে अथवा য়। जैसे; শ্যাম হরিকে ধরিতেছে, সিংহ মাংস খায়, রাম পুস্তক পড়িতেছে इत्यादि।

क्रियामें क्या या किसको यह प्रश्न करनेसे जो पद मिलता है उसी को उस क्रियाका कर्म्म जानना। क्रिया में "कौन" प्रश्न करनेसे कर्त्ता मिलता है।

श्याम हरिको धरितेछे ;'धरितेछे' क्रिया है,कौन धरितेछे ? इस प्रश्नके उत्तरमें श्याम मिलता है ; इस लिये "श्याम" कर्त्ता है। श्याम क्या या किसको पकड़ता है ?इस प्रश्नसे हरि मिलता है ; इसलिये "हरि" कर्म्म है। इसी तरह और उदाहरण समझ लो।

कुछ क्रियाओंके दो दो कर्म्म रहते हैं, अर्थात् জিজ্ঞাসা, দেওয়া इत्यादि कतिपय धातुओं तथा कथनार्थ और णिजन्त धातुओंके दो दो कर्म रहते हैं। इन धातुओंका नाम द्विकर्म्मक है। जैसे—মাতা শিশুকে চন্দ্র দেখাইতেছেন, গুরু শিষ্যকে কাব্য পড়াইতেছেন, আমি তারককে টাকা দিয়াছি, ধীরেন্দ্র সতীশকে ইহা বলিল इत्यादि।

माता शिशुके चन्द्र देखाइतेछेन, यहाँ पर "देखाइतेछेन" क्रिया है। कि देखाइतेछेन ? चन्द्र ; इसलिये "चन्द्र" एक कर्म्म है। और काहाके देखाइतेछेन ? शिशुके ; इसलिये "शिशुके" और एक कर्म्म हुआ ; अतएव देखाइतेछेन इस क्रियाके दो कर्म्म हुए। गुरु शिष्यके काव्य पड़ाइतेछेन, यहाँ पर "पड़ाइतेछेन" क्रिया है। कि पड़ाइतेछेन ? काव्य ; इस लिये "काव्य" एक कर्म्म हुआ। काहाके पड़ाइतेछेन ? शिष्यके। इसलिये "शिष्यके" और एक कर्म्म हुआ ; अतएव पड़ाइतेछेन क्रिया द्विकर्म्मक हुई। इसी तरह आमि तार-कके टाका दियाछि, यहाँ पर "दियाछि" क्रिया हुई ; कि

दियाछि ? टाका ; इसलिये "टाका" कर्म्म है। काहाके दियाछि ? तारकके ; इसलिये "तारकके" और एक कर्म हुआ ; अतएव दियाछि इस क्रियाके दो कर्म हुए। धीरेन्द्र सतीशके इहा बलिल, यहाँपर "बलिल" क्रिया है। कि बलिल ? इहा ; इसलिये "इहा" एक कर्म हुआ। काहाके बलिल ? सतीशके ; इसलिये "सतीशके" यह पद भी एक कर्म हुआ। अतएव बलिल क्रियाके दो कर्म हुए।

करण कारक।

जिसके द्वारा काम पूरा किया जाता है उसको करण कारक कहते हैं। करण में तृतीया विभक्ति होती है। जैसे ; দায় দ্বারা কাষ্ঠ কাটিতেছে ; চক্ষু দ্বারা চন্দ্র দেখিতেছে, জল দ্বারা ভূমি আর্দ্র হইয়াছে इत्यादि।

दाय द्वारा काष्ठ काटितेछे ; यहाँ पर दाय (कुलहाड़ी) द्वारा काटनेका काम पूरा होता है इसलिये "दाय" करण कारक हुआ। चक्षु द्वारा चन्द्र देखितेछे ; यहाँ पर चक्षु द्वारा देखनेकी क्रिया सम्पन्न होती है ; इसलिये "चक्षु" करण कारक हुआ। जल द्वारा भूमि आर्द्र हइयाछे ; यहाँ पर जल द्वारा आर्द्र होनेका काम पूरा होता है ; इसलिये "जल" करण कारक हुआ।

দ্বারা, দিয়া, করিয়া, তে इत्यादि विभक्ति चिन्हों के द्वारा करण कारक का निर्णय होता है, इस लिये ये करण कारक की विभक्तियाँ हैं। क्रियामें क्रिसकें द्वारा प्रश्न करनेसे जो मिलता है वही करण कारक होता है। जैसे—দন্ত দ্বারা চর্ব্বণ করে, নেত্র দিয়া দেখে, যষ্টি করিয়া, লাঠিতে इत्यादि।

